निबंधन संख्या पी0टी0-40

# बिहार गजट
## असाधारण अंक
## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

**3 श्रावण 1945 (श0)**
**(सं0 पटना 605) पटना, मंगलवार, 25 जुलाई 2023**

सामान्य प्रशासन विभाग

**आदेश**
**14 जुलाई 2023**

**सं० 3/एम0–54/2015सा0प्र0 13384**——राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में सेवानिवृत्त एवं भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों की सेवायें संविदा के आधार पर लिए जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 द्वारा प्रक्रिया निर्धारित है। उक्त संकल्प के साथ संलग्न अनुसूची में सम्मिलित पदों पर ही संकल्प के प्रावधानों के तहत सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का संविदा के आधार पर नियोजन किया जा सकता है।

2. संकल्प की कंडिका–3(1) के प्रावधान के तहत विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर सम्यक विचारोपरांत निम्नांकित पदों को उपर्युक्त संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक 10.07.15 की अनुसूची में सम्मिलित किया जाता है–

| क्र0सं0 | विभाग का नाम | संकल्प संख्या–10000 दिनांक–10.07.15 अनुसूची में सम्मिलित किये जाने वाले प्रस्तावित पद |
|---|---|---|
| 1. | जल संसाधन विभाग | **सांख्यिकी संवर्ग के–**<br>(i) सांख्यिकी सहायक। |
| 2. | वित्त विभाग | **अंकेक्षण निदेशालय के–**<br>(i) लिपिक,<br>(ii) सहायक निदेशक/वरीय अंकेक्षण अधिकारी **(मात्र एक वर्ष के लिए)।** |
| 3. | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | **राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग–**<br>(i) निजी सहायक एवं<br>(ii) प्रधान आप्त सचिव, **(मात्र एक वर्ष के लिए)।** |

3. उपरोक्त पदों पर सेवानिवृत्त सरकारी सेवक के संविदा नियोजन हेतु संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 में निहित शर्त्त एवं प्रक्रिया लागू रहेंगी एवं इन पदों पर सेवा लेने के संबंध में प्रशासी विभाग द्वारा ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आदेश से,
गुफरान अहमद,
सरकार के उप सचिव।

---

**अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,**
**बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।**
**बिहार गजट (असाधारण) 605-571+10-डी०टी०पी०**
**Website: http://egazette.bih.nic.in**